# प्रस्ताव 50 TEXAS के पक्षपातपूर्ण ज़िलों के पुनर्विभाजन के जवाब में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के नक्शों में अस्थायी बदलावों को अधिकृत करता है। विधायी संवैधानिक संशोधन।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** — अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 18 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- दशक के बीच में Texas के पक्षपातपूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्विभाजन के जवाब में, यह प्रस्ताव अस्थायी रूप से नए संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के नक्शों को ज़रूरी बनाता है, जैसा कि अगस्त 2025 में विधानमंडल द्वारा पारित किया गया है, जिसका उपयोग California के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चुनावों में 2030 तक किया जाएगा।
- California के स्वतंत्र नागरिक पुनर्विभाजन आयोग को बरकरार रखता है और आयोग को निर्देश देता है कि वह 2030 की जनगणना के बाद 2031 में और उसके बाद हर दस साल में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के नक्शों को लागू करना जारी रखे।
- देश भर में निष्पक्ष, स्वतंत्र और निर्दलीय पुनर्विभाजन आयोगों के उपयोग का समर्थन करने वाली राज्य नीति स्थापित करता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- राज्य भर में काउंटियों के लिए एक बार की लागतें कुछ मिलियन डॉलर तक हो सकती है। काउंटी की लागतें नए संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के नक्शों को दर्शाने के लिए चुनाव सामग्री को अपडेट करने के लिए होंगी।

ACA 8 (प्रस्ताव 50) पर विधानमंडल द्वारा मतदान किए गए फाइनल वोट
(संकल्प अध्याय 156, 2025 का विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 30 | नहीं 8 |
| विधानसभा: | हाँ 57 | नहीं 20 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

### संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस

***संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस।*** संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस संघीय सरकार का वह हिस्सा है जो कानून बनाती है। कांग्रेस के दो हिस्से होते हैं: संयुक्त राज्य अमेरिका सीनेट और संयुक्त राज्य अमेरिका प्रतिनिधि मंडल (सदन)। 50 राज्यों में से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व 2 सीनेटरों द्वारा किया जाता है, कुल 100 सीनेटरों के साथ। सदन में 435 सदस्य होते हैं। सदन में प्रतिनिधियों की संख्या की संख्या इस बात पर निर्भर करती है कि उस राज्य में कितने लोग रहते हैं। सदन में प्रत्येक सदस्य राज्य के एक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है जिसे एक संसदीय निर्वाचन ज़िला कहा जाता है। California में 52 संसदीय निर्वाचन ज़िले हैं। वे मतदाता जो प्रत्येक संसदीय निर्वाचन ज़िले में रहते हैं, अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए हर दो साल में सदन के एक सदस्य का चुनाव करते हैं। सभी 435 प्रतिनिधियों के लिए अगला चुनाव 2026 में होगा।

***संयुक्त राज्य अमेरिका की जनगणना हर दस साल में राज्यों की आबादी को गिनती है।*** एक क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या समय के साथ-साथ ऊपर नीचे जाती रहती है। हर दस साल में, संयुक्त राज्य अमेरिका की जनगणना अमेरिका में रहने वाले लोगों की संख्या को गिनती है। पिछली जनगणना 2020 में हुई थी, और अगली जनगणना 2030 में है। इस गणना का इस्तेमाल यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि प्रत्येक राज्य में कितने लोग रहते हैं और अगले दस वर्षों में प्रत्येक राज्य सदन में कितने प्रतिनिधि प्राप्त करता है।

### नए संसदीय निर्वाचन ज़िलों का पुनर्विभाजन

***प्रत्येक राज्य संयुक्त राज्य अमेरिका की जनगणना के बाद नए संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शे बनाता है।*** हर दस साल में, संयुक्त राज्य अमेरिका की जनगणना के पूरा होने पर, राज्य अपने सदन के प्रतिनिधियों की संख्या और जहाँ लोग रहते हैं, को प्रतिबिंबित करने के लिए नए संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शे बनाते हैं। इस प्रक्रिया को "ज़िलों का पुनर्विभाजन" कहते हैं। प्रत्येक राज्य यह निर्णय लेता है कि अपने नए ज़िला नक्शों को बनाने के लिए किस प्रक्रिया का उपयोग करना है। जब नये नक्शे बनाए जाते हैं, तो प्रत्येक राज्य को संघीय कानूनों का पालन करना ज़रूरी होता है। उदाहरण के लिए, राज्य के प्रत्येक संसदीय निर्वाचन ज़िले को समान संख्या में लोगों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

***राज्य आमतौर पर हर दस साल की तुलना में जल्दी पुनर्विभाजन नहीं कर सकते।*** राज्य आमतौर पर केवल हर दस साल में ही संसदीय निर्वाचन ज़िले के नक्शे बनाते हैं, जब तक कि अन्यथा किसी अदालती कानून के अनुपालन के लिए इसे बदलना ज़रूरी नहीं होता। हालांकि, अगस्त 2025 में Texas विधानसभा ने बिना किसी अदालती आदेश के 2026 के चुनावों के लिए नए नक्शे अपनाने के लिए एक बिल पारित किया। बहुत से अन्य राज्य भी 2026 के चुनावों से पहले अपने नक्शों में बदलाव करने पर विचार कर रहे हैं।

***California में नए संसदीय निर्वाचन ज़िलों का पुनर्विभाजन।*** राज्य विधानसभाएं अधिकांश राज्यों में संसदीय निर्वाचन ज़िले के नक्शे बनाती हैं, लेकिन कुछ राज्य इस काम को करने के लिए आयोगों का भी इस्तेमाल करते हैं। 2010 से पहले, California विधानमंडल ने राज्य के संसदीय निर्वाचन ज़िले के नक्शों को बनाया। 2010 में, California के मतदाताओं ने यह काम एक स्वतंत्र आयोग को दे दिया, जिसे California के ज़िलों के पुनर्विभाजन के स्वतंत्र नागरिक आयोग (आयोग) के नाम से जाना जाता है। इस आयोग में 14 सदस्य शामिल होते हैं: 5 डेमोक्रेटिक सदस्य, 5 रिपब्लिकन सदस्य, और 4 ऐसे सदस्य जो उन राजनीतिक दलों में से किसी के साथ पंजीकृत नहीं हैं। जब आयोग संसदीय निर्वाचन ज़िले के नये नक्शे बनाता है, तो उसे संघीय और राज्य कानूनों का पालन करना ज़रूरी होता है। उदाहरण के लिए, राज्य कानून के अनुसार अन्य बातों के अलावा, आयोग को आस-पड़ोस या समान हितों वाले स्थानीय समुदायों को विभाजित करने से बचने की आवश्यकता होती है। राज्य कानून आयोग को राजनीतिक दलों, वर्तमान कार्यालय धारकों, या कार्यालय के लिए चुनाव में खड़े होने वाले लोगों पर विचार करने से निषिद्ध करता है जबकि वह इन नक्शों को बनाता है।

***California के मौजूदा संसदीय निर्वाचन ज़िले।*** आयोग ने California के 52 संसदीय निर्वाचन ज़िलों के लिए मौजूदा नक्शों को बनाया। ये नक्शे 2020 की संयुक्त राज्य अमेरिका की जनगणना पर आधारित थे और इन्हें 2022 कांग्रेस के चुनावों के बाद से इस्तेमाल किया गया है।

## प्रस्ताव

### CALIFORNIA के संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शे

***अगली जनगणना के बाद तक विधिवत रूप से तैयार किए गए संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शों का उपयोग करें।*** प्रस्ताव 50 California के मौजूदा संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शों को नये, विधायी रूप से तैयार किए गए नक्शों से बदलता है। (ज़िलों की कुल संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा।) प्रस्ताव 50 के अनुसार बनाए गये नक्शों को संघीय कानून का पालन करना होगा, लेकिन उन्हें आयोग में रखी गई राज्य आवश्यकताओं का पालन करने की आवश्यकता नहीं होगी। राज्य 2026 में शुरू होने वाले कांग्रेस चुनावों के लिए प्रस्ताव 50 के नक्शों का उपयोग करेगा। राज्य इन नक्शों का उपयोग तब तक करेगा जब तक कि आयोग 2030 की संयुक्त राज्य अमेरिका की जनगणना के बाद नए ज़िला नक्शे नहीं बनाता।

### राष्ट्रीय संसदीय निर्वाचन ज़िलों का पुनर्विभाजन

***संघीय कानून में बदलाव की मांग करता है।*** प्रस्ताव 50 संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस से संघीय कानून को बदलने की मांग करता है और संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में संशोधन का प्रस्ताव रखता है ताकि "राष्ट्र भर में निष्पक्ष, स्वतंत्र और निर्दलीय ज़िलों के पुनर्विभाजन आयोगों द्वारा पुनर्वितरण की आवश्यकता हो।" प्रस्ताव 50 इस विचार के लिए मतदाताओं के समर्थन को व्यक्त करता है, लेकिन संघीय कानून को नहीं बदलता है या कांग्रेस या California विधानमंडल से किसी विशेष कार्रवाई को आवश्यक नहीं बनाता है।

## राजकोषीय प्रभाव

***काउंटी और राज्य चुनाव अधिकारियों के लिए एक बार की बहुत कम लागतें।*** काउंटियाँ चुनाव करवाती हैं, और राज्य उनकी निगरानी करता है। क्योंकि नए नक्शों के तहत California के अधिकांश संसदीय निर्वाचन ज़िलों में कुछ न कुछ बदलाव आएगा, इसलिए काउंटी और राज्य चुनाव अधिकारियों को चुनाव सामग्री को अपडेट करने की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप राज्यव्यापी काउंटियों के लिए **कुछ मिलियन डॉलर तक** की और राज्य के लिए एक बार की लागतें होंगी जो **लगभग $200,000** होगी। राज्य की यह राशि राज्य के लगभग $220 बिलियन के सामान्य कोष बजट के 1 प्रतिशत (0.1 प्रतिशत) के दसवें हिस्से से कम है। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।)

## मौजूदा और प्रस्तावित संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शे

यह अनुभाग मौजूदा और प्रस्तावित संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शों को दर्शाता है (1) राज्यव्यापी, जैसा कि चित्र 1 और 2 में दिखाया गया है; (2) राज्य के उत्तरी भाग में, जैसा कि चित्र 3 और 4 में दिखाया गया है; और (3) राज्य के दक्षिणी भाग में, जैसा कि चित्र 5 और 6 में दिखाया गया है। प्रस्तावित नक्शों में प्रत्येक ज़िले द्वारा दर्शाए गए जनगणना ब्लॉकों का विवरण निम्नलिखित वेबसाइट पर देखा जा सकता है: *https://leginfo.legislature.ca.gov/faces/billNavClient.xhtml?bill_id=202520260AB604*

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2025-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

प्रस्ताव 50 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 18 देखें।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

चित्र 1

### मौजूदा संसदीय निर्वाचन ज़िले




ध्यान दें: Bay Area और Los Angeles क्षेत्रों के लिए ज़िला संख्याओं के लिए उत्तरी और दक्षिणी संसदीय निर्वाचन ज़िले के नक्शों को देखें। नक्शा California के ज़िलों के पुनर्विभाजन नागरिक आयोग की वेबसाइट पर पोस्ट किये गये डेटा को दर्शाता है।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण



चित्र 2

### प्रस्तावित संसदीय निर्वाचन ज़िले




ध्यान दें: Bay Area और Los Angeles क्षेत्रों के लिए ज़िला संख्याओं के लिए उत्तरी और दक्षिणी संसदीय निर्वाचन ज़िले के नक्शों को देखें। नक्शा California विधानमंडल चुनाव समितियों (विधानसभा चुनाव समिति और सीनेट चुनाव और संवैधानिक संशोधन समिति) की वेबसाइटों पर पोस्ट किये गये डेटा को दर्शाता है।


प्रस्ताव 50 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 18 देखें।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

चित्र 3

### मौजूदा उत्तरी संसदीय निर्वाचन ज़िले





ध्यान दें: नक्शा California के ज़िलों के पुनर्विभाजन नागरिक आयोग की वेबसाइट पर पोस्ट किये गये डेटा को दर्शाता है।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

चित्र 4

### प्रस्तावित उत्तरी संसदीय निर्वाचन ज़िले




ध्यान दें: नक्शा California विधानमंडल चुनाव समितियों (विधानसभा चुनाव समिति और सीनेट चुनाव और संवैधानिक संशोधन समिति) की वेबसाइटों पर पोस्ट किये गये डेटा को दर्शाता है।


प्रस्ताव 50 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 18 देखें।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

चित्र 5


### मौजूदा दक्षिणी संसदीय निर्वाचन ज़िले




ध्यान दें: नक्शा California के ज़िलों के पुनर्विभाजन नागरिक आयोग की वेबसाइट पर पोस्ट किये गये डेटा को दर्शाता है।

चित्र 6

## प्रस्तावित दक्षिणी संसदीय निर्वाचन ज़िले




ध्यान दें: नक्शा California विधानमंडल चुनाव समितियों (विधानसभा चुनाव समिति और सीनेट चुनाव और संवैधानिक संशोधन समिति) की वेबसाइटों पर पोस्ट किये गये डेटा को दर्शाता है।

प्रस्ताव 50 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 18 देखें।